महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक रू0वि0/गोप0/प्रयो0/2026/ 880-86. दिनांकः–08.05.2026

सेवामें,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
महात्मा ज्योति बॉ फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– विधि पाठ्यक्रम के सम सेमेस्टर वर्ष 2026 की प्रयोगात्मक परीक्षा के संबंध में।

महोदय/महोदया,

एलएल0बी0 सम सेमे0 एवं बी0ए0एलएल0बी0 सम सेमे0 वर्ष 2026 की प्रयोगात्मक/आंतरिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय के ही होगें तथा वाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नामित किये जायेगें, जिसकी सूचना सम्बन्धित महाविद्यालय को पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध करायी जायेगी, इसके उपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी।

समस्त विधि महाविद्यालय दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 05.06.2026 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाये सम्पन्न करा लें, किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंको को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं पोर्टल बन्द कर दिया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालयों द्वारा सुनिश्चित किया जाना है:–

1. प्रयोगात्मक अंको को आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के पश्चात अंकपर्णो की दो प्रति हार्डकापी महाविद्यालय में सुरक्षित रखीं जायेगी। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी।
2. सभी प्रकार की उत्तरपुस्तिकायें (लिखित/प्रयोगात्मक) चुनौती मूल्यांकन से आच्छादित है, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाये महाविद्यालय में सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जाने पर तत्काल उपलब्ध करायी जायें।
3. परीक्षको को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सीलड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते है।
5. केवल ऑनलाइन अंक ही स्वीकार्य किये जायेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. प्रभारी, मीडिया सेल।
2. उप कुलसचिव गोपनीय।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वै0 सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
6. प्रभारी ऑनलाइन प्रयोगात्मक परीक्षा।
7. प्रतिनिधि, ऑनलाइन एंजेसी।

परीक्षा नियंत्रक